(तरन्नुम के साथ)

[यह कविता भारत पाक तनाव के दौरान मे, भारत रूस मत्री सधि होने के पश्चात लिखी गई थी। भारत की सुदृढ सनिक एव जनता की शक्ति तथा रूसी सहयोग एव सहायता के अहसास के बल पर कवि ने यह कविता एव विशेषत अतिम दोनो पद लिखे है।

भारतीय जवानो एव जनता ने कवि की कल्पना को साकार बनाया है। अतएव वे बधाई के पात्र है।

स०म०]

— १ —

म वतन के वास्ते हूँ यह वतन मेरे लिए
जि दादिली है हम ने सीखी, रखने इज्जत कौम की
आबरू जाने न दगे, हि द को इस भौम की
उगली उठाई इस तरफ तो काट दूगा हाथ को
आखें उठाई इस तरफ, तो काट दूगा माथ को
हम तो ही पैदा हुए मुल्के हिफाजत के लिए
म वतन के वास्ते हूँ यह वतन मेरे लिए

— २ —

जो पराई फूक से बजते, वे होते वज्र मूख
काला पीला रग भी, दिखलाई देता उनको सुख
आख मे यह मज होता, मेडिकल का यह उसूल
लाइलाजी मज कहते, अल्ला ताला औ रसूल
हम तो चुप बठे हैं बस, तेरी भलाई के लिए
म वतन के वास्ते हूँ यह वतन मेरे लिए

: टाइम्स आफ राजस्थान, बीकानेर दिनाक ९–१०–७१ मे प्रकाशित

— ३ —

म जानता हूँ तुझ को मेरे मुल्क से ही रश्क है
हर कौम को गुमराह करना, ही तो तेरा इश्क है
आजाद बगला देश का, हर मुल्क मे अब नाम है
और हम को तू तो मुफ्त मे ही, कर रहा बद–नाम है
मेरा वतन गुल्जार है, मेरे लिए सब के लिए
म वतन के वास्ते हूँ, यह वतन मेरे लिए

— ४ —

जुल्म की तलवार पर मजहब कभी टिकते नही
ओ रिश्वती कलदार पर मजहब कभी बिकते नही
यह खून की नदिया बहाने से, कभी रुकती नही
आजाद होने की तमना, ता कभी बुझती नही
रे [1]अक्ल तेरी खो गई क्या घास चरने के लिए
मै वतन के वास्ते हूँ यह वतन मेरे लिए

— ५ —

यह किल्लत हर रोज की, लगती मुझे अच्छी नही
तोह–मत लगाना नित नई यह आदतें अच्छी नही
अब भी सभल जाये तो, समझ इसमे तेरी खैर है
वरना पचर हो करेंगे हम तो काटे कर हैं
जा निसारी जानते हैं, सर हथेला पर लिए
मै वतन के वास्ते हूँ यह वतन मेरे लिए

— ६ —

गर तुझे लडना ही है, तो लडले मुझ से एक बार
और तबियत खोल कर, तू काढले दिल के गुबार
अबके तू उलझा है हमसे, अब तबाह हो जायेगा
आज दो की बात है, कल चार मे बट जायेगा
रे ! क्यो खडा कगार पर, बे मौत मरने के लिए
म वतन के वास्त हूँ यह वतन मेरे लिए

— ७ —

खून इतना गम है कि गोलियाँ गल जायेंगी
गर लगी मेरे वतन पर, व्यथ ही सज जायेंगी
तीरो तवर तलवार, जब यह बज्र से टकरायेंग
यह जेट पेटनटक सार, धूल मे मिल जायेंगे
यहा हर जवा तैय्यार है तुझ स निपटने के लिए
म वतन के वास्ते हूँ, यह वतन मेरे लिए

ॐ

इतिहास बोलता है

(१)

ऐसा जल जला तूफान
इगलिस्तान मे आया
कि ब्रिटिश फौज ने या
जगे आजादी का चलाया
कौम की खातिर था
दरिया खूँ का बहाया
कामे खातिर शाह का
फासी प लटकाया
वसा ही मौका जबकि
बगला देश मे आया
तो मुक्तिवाहिनी ने
जगे आजादी का चलाया
आजाद बगला देश को
जब ध्यान मे आया
कि निर्दोष बगलादेश
को था किसने सताया
किसने बगला देश का
था खून बहाया
तो ए मलिक पर ठीक
मुकदमा है चलाया।

(२)

गद्य–कविता

गीदड को जब मौत आती है,
तो हक्का बक्का होकर
गाव की तरफ दौडता है
जब विनाश की सवारी आती है,
तो दिमाग का एन्जिन
रेल की पटरी को छोडता है
स्पेन का अजेय जहाजी आरमेडा,
और नेपोलियन का रूम पर हमला
इसके जीते जागते सबूत हैं
हिन्द के हमले से पस्त हिम्मत,
मेजर जनरल भी, अपनी जान
बचाने के लिए, मैदाने जग मे,
पजामे को हाथ मे लेकर दौडता है
ढाका मे पाक फौजो के
हथियार डाल देने के बाद भी,
अपनी करारी हार से झु झलाकर
जनरल याहया खा
खेत और खलिहानो मे
जग चालू रखने के लिये
रडियो पर ऐलान करता है

शायरो पर शेर

के द्र वि दु काका हाथरसी

[काका हाथरसी की सेवा मे यह कविता अभिन दन के रूप मे १५-८-७१ (गणतन्त्र दिवस) के दिन भेज दी गई थी। उन्होने अपनी प्रशस्ति मे लिखी गई कविता का उत्तर भिजवाया, जिसका प्रारम्भिक अ श जो कवि को स्मरण है प्रकाशित किया जाता है —

'कविता तुम्हारी मिल गई भूरसिह निर्वाण।
अपनी प्रशस्ति पढ करके प्राण हुए बलवान"

स० म०]

[१]

शायरो पर शेर घड दे
चाहे शायर न भी हो
और अगर महफिल मे पढ दे
शायर ही कहलायेगा ।

[२]

उस्ताद ने यह गुर बताया
मैंने भी कुछ लिख दिया
मेहरबानी करके थोडा
आप भी सुन लीजिए ।

[३]

ते‌ऽरी सूरत देख कर
काका! हसी आती मुझे
क्यो पढू ते‌ऽरी किताबें
शार्ट कट मेऽथड है ।

[४]

इसलिए तो तेऽरी फोटू
मैंऽने घर मे टाग ली
इक नजर दीदार कर
खुल करके हस लेता हूँ मैं ।

[५]

तू तो क्या हसता है काका !
तेरी दाढी हसती रोज
तेरी दाढी मे भी काका !
हमने की तासीर है ।

[६]

यू० एन० ओ० के सग्रहालय मे
तेरी दाढी रखवा दू गा
तेरी ओ तेरी दाढी की
यादगार बन जायेगी ।

[७]

दुनिया भर की वडी ताकतें
आपस मे लडती है रोज
तेरी तो, दाढी के काका !
वे दीऽदार करने आयेंगी ।

[८]

इसलिए मैं कहता हूँ कि –
इन्द्रा ने दो आखें दे दी
तू इक दाढी दान कर
प्रलय काल तक तेरी दाढी
कायम हो रह जायगी ।

जागरण

जागरण करना है तुमको, सावधान !
युग-प्रहरी बनकर रहना, सावधान !
आजादी की रक्षा करनी है तुम्हे !
भारत के ऐ नौजवानों, सावधान !

सम्बोधन

[यह कविता—श्रीमती इन्दिरा गाधी, प्रधान मन्त्रीजी की सेवा मे २६ जनवरी, १६७१ को प्रेषित कर दी गई थी। कवि को प्रत्युत्तर के रूप मे धन्यवाद का पत्र प्राप्त हुआ। हाल के युद्ध मे भारतीय विजय के फलस्वरुप इसमे "गुरुओ एव राजनीति के" शब्दा के स्थान पर "मुल्को और 'कूटनीति के" शब्द डाल कर चारचाद लगा कर सामयिक बना दिया है। इस सूझबूझ के लिए कवि धन्यवाद के पात्र हैं —स० म०]

इन्दिरा जी से

मोती और जवाहर इन्दिरा! अनुपम चाद सितारे हैं,
अन्धकार मे राह प्रदशक गगन मण्डली तारे हैं ॥१॥
राजनीति मे नीति निपुण तू मोती की तू पोती है
वक्त बुहाई कर देती है, उपजै माणक मोती है ॥२॥

नेहरूजी से

दाद उसकी अक्ल पर है, जोश पर ओ होश पर
सियासी घुड दौड मे, मुल्को को पीछे रख दिया ॥३॥
तुझ से ज्यादह नेहरू! तेरी बेटी ऊपर नाज है
कि कूटनीति के बहादुरो का, फाश पर्दा कर दिया ॥४॥

जनता से (पैरोडी)

उसकी बेटीऽ ने दुनिया उठा रक्खी है सर पर
खैरियत गुजरी, कि नेहरू के बेटा न हुआ ॥५॥

मान्यता

बागला को मान्यता दे दी गई
इन्दिरा जी ने बात करदी, यह नई
दुश्मनो के दोस्त तो चकरा गये,
दुश्मनो की अक्कल चक्कर खा गई।

ऽस्वाधीन भारत गाधी-शताब्दि अक बीकानेर १२ २ ७१ मे प्रकाशित।

उद्बोधन

[यह कविता काश्मीर के ऊपर आक्रमण हुआ तब सनिक शिक्षा को मद्देनजर रखते हुए लिखी गई थी । इसमे यथा स्थान सामयिक परिवतन किये गये हैं । तब से अब तक यद्यपि औद्योगिक वज्ञानिक, सनिक शिक्षा मे बहुत कुछ विकास एव वढोत्तरी हुई है, परन्तु परिवर्तित (बदलती) हुई परिस्थितियो मे भी कवि इन सब को अपर्याप्त मानता है । स्वतन्त्र भारत पर कई मुल्को की आखें लगी हुई है । इतना ही इशारा काफी है ।

आज भी यह कविता जागृत भारत की जनता के लिए चुनौती के रूप मे एव सरकार के लिए सुझाव के रूप मे अपना महत्व रखतो है ।

स० म०]

[१]

पश्चिम की शिक्षा मे रगकर
उसी सभ्यता को अपनाया ।
भारत के अतीत गौरव को
है हमने इकबार भुलाया ॥

[२]

खान पान औ रहन–सहन मे
पश्चिम का आदश बनाया ।
अवगुण हमने ग्रहण किय वह
सद्गुण का धत्ता वतलाया ॥

[३]

सीखा हमने फशन उनसे
दाढी औ मूछ मुडवाना ।
गुटर गुटर गू बातें करना
अकड अकड इठला कर चलना ॥

[४]

वतमान वैज्ञानिक शिक्षा
से भी कोसो दूर पडे हैं ।
जगत शिखर पर पहुँच रहा है
हम न अभो सा कदम वढे हैं ॥

[५]

औद्योगिक शिक्षा पर देखो
अभी न पूरा ध्यान दिया है ।
सनिक शिक्षा का भी दरजा
अभी न पूरा मान दिया है ॥

[६]

यह है स्वतन्त्र भारत बधु !
इस पर जब तब हमले होगे ।
मानव जीवन के विध्वसक
टन टन के गोले बरसेंगे ।।

[७]

देखो पश्चिम दरवाजे पर
दुश्मन ग्राज खडा खट करता ।
ग्रौर वहा उत्तर मे देखो
काश्मोर का द्वार धधकता ।।

[८]

हिन्द पूर्वी सीमा ऊपर
ग्रब भी खतरा बना हुग्रा है ।
हिन्द पश्चिमी दरवाजे पर
ग्रब भी दुश्मन तना हुग्रा है ।।

इसलिए हम कहते हैं कि —

[९]

जीवन की ग्रावश्यक सनिक
शिक्षा की शालायें खोलो ।
भारत के बच्चे बच्चे को
सनिक शिक्षा ही से मोलो ।।

[१०]

राइफल बम बारुद बनावें
वायुयान मे उडकर जावें ।
यान्त्रिक ग्राविष्कार करें ग्ररु
तान्त्रिक विद्या को ग्रपनावें ।।

[११]

वायुयान निर्माण करें ग्ररु
विमान भेदी तोप बनावें ।
मिराज फेन्टम सबारो को
मिग, हटर से मार गिरावें ।।

[१२]

भारत भू-रक्षा हित ऐसी
सुसज्जित सेनायें होवें ।
राष्ट्र जाति उद्धार कर सकें
विश्व-समर मे विजयी होवें ।।

रण-कंकण

[राखी बहन केवल अपने भाइयों के ही बांधती हैं, लेकिन रण-कंकण माता अपने पुत्र के, पत्नी अपने पति के और बहन अपने भाई के आरती उतारती हुई, मस्तक पर विजय का तिलक लगाती हुई दायें हाथ की कलाई पर बांधती है।

रण-कंकण बांधते हुए देश रक्षा की भावनाओं से ओतप्रोत करती हुई, मातृभूमि की रक्षा के हित देश पर बलिदान होने की प्रेरणा देती हुई, रण प्रयाण के लिए हंसते हंसते विदा करती है।

वीर भूमि राजस्थान में इस प्रथा की विशेष रूप से परिपाटी रही है। स्वतंत्र भारत की रक्षा के लिए २५ वर्षों में ४ युद्ध हुए हैं उनमें इस आदर्श पूर्ण परम्परा को पूर्ण रूप से निभाया गया है।

स० म०]

(१)

साज विजय की कुंकुम रोली
भर कर राष्ट्र भाव की झोली।
आती माता वधुएं भोली
कंकण ले बहनों की टोली॥

(२)

कंकण के वे बंधन लाती
कंकण बांध अमर कर जाती।
स्वतंत्र युग के पाठ पढाती
वीरोचित यशगान सुनाती॥

(३)

आओ प्यारे वीरो आओ
देश धरम पर बलि बलि जाओ।
सीमा की रक्षा करने को
मर कर आज अमर हो जाओ॥

(४)

देश प्रेम के दीवाने बन
देश जाति पर बलि हो जाओ।
मातृ भूमि के परवाने बन
निज प्राणो की भेंट चढाओ॥

(५)

पीछे पीछे हम भी आती
आगे आगे बढते जाओ।
नही पडी पीछे रह जावें
हमको भी वह मार्ग दिखाओ॥

(६)

हिन्द निवासी बहने भाई
सीमा रक्षा सभी करेंगे।
राष्ट्र जाति अरु मातृभूमि के
ऋण से होकर उऋण मरेंगे॥

(७)

दुश्मन के आते जेटो को
नेटो से बम मार गिराओ।
हथगोला से हमला करके
पिटन टक बेकार बनाओ॥

(८)

फाइटर राजा बम्बारों को
मिग हण्टर से आग लगाओ।
दन दन करती तोपों ऊपर
भजी दनादन बम बरसाओ॥

(९)

सीमा में गर घुस पैठिए
सीधे ही यमलोक पठाओ।
छतरी से उतरें सैनिक तो
कमर तोड़ थाने पहुँचाओ॥

(१०)

राडारों में आग लगाकर
धूल धूसरित करते जाओ।
पिल बाक्सों को तहस-नहस
कर शत्रु सैन्य को मार भगाओ॥

(११)

बधन युत कश्मीर भाग को
दुश्मन से चिर मुक्त कराओ।
अतुल शौर्य वीरत्व दिखाकर
मा के सच्चे लाल कहावो॥

(१२)

निर्दोषी जनता का देखो
कभी न प्यारे! खून बहाना।
हॉस्पिटल गर मिले राह में
हाथ जोड़ आगे बढ़ जाना॥

(१३)

मस्जिद गिरजा जेलो ऊपर
कभी न प्यारे बम बरसाना।
सकट की इन घडियो मे भी
आदर्शों की आन निभाना॥

(१४)

भारत के वीरो अब ऐसा
आज विजय त्योहार मनाओ।
सगीनो की नोको पर तुम
नव भारत इतिहास बनाओ॥

(१५)

शोणित की नदियो मे नहाकर
विजय नाद करते घर आओ।
मातृ भूमि की रक्षा के हित
रण-ककरण यह सफल बनाओ॥

ईंट का जवाब
पत्थर

इन्सानियत से
पेश आने वाले हम
जो मुल्क होते हैं
उनको भी
तर कर दिया करते हैं।
लेकिन हैवानियत से
पेश आने वाले को
ईंट का जवाब
पत्थर से
दिया करते हैं
इसका जीता जागता सबूत
यह है मित्रो !
कि पाकिस्तान को
पनपने के लिये
नहर का पानी देकर
जेटों को नेटों से
वाम्बर को हन्टर से
और मिराजों को मिग से
बरबाद किया करते हैं।
इतना ही नहीं
हमारे सुख में
और संकट काल में
साथ देने वाले मित्र
हमारे छद्मवेशी मित्रों को
जो मानवता के शत्रु
एवं नर संहार के पोषक हैं
अपनी वीटो की मार से
मिसमार किया करते हैं।

डबल रोल

[गद्य कविता]

[भारतीय रमणी का, वीरमाता और वीरपत्नी के रूप मे, कवि ने इस कविता मे जो त्याग, बलिदान एव सहिष्णुता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है वह सराहनीय है। यह उनकी स्वय की सूझ है। इस पृष्ठिभूमि के लिए उनको साधुवाद देना उचित है। स० म०]

मुल्के-आजादी की खातिर,
जब जगे बिगुल बजती है,
तो सर पर कफन बाँध कर,
हँसते हँसते विदा करती है।
लेकिन दौराने जग मे,
कही, ड्यूटी के अजाम मे,
गफलत न हो, इसलिए,
शौहर के मरने की खबर,
फरजद को, न खुद करती है,
न किसी को करने देती है।
यू हिन्द की बहादुर औरत,
वीरमाता और वीरपत्नी का,
डबल रोल अदा करती है।

ठूठों वाले देश

[राजस्थान का अधिकतर भाग रेगिस्तानी होने के कारण यहा हरियाली और हरे वृक्षो की कमी है। खेजडो,जाटी कैर,कटील झाडिया ही बहुतायत मे पाई जाती है। इन्ही कटीले वृक्षो मे सहन शक्ति अधिक मात्रा म होती है। पानी बहुत कम मिलता है। आन्धी पाले, तूफानो मे भी यह वृक्ष गर्व से ऊचा मस्तक किए हुए अपना अस्तित्व बरकरार रखते है। इसलिए कवि ने राजस्थान के वृक्षो को 'ठूठ' ही कहा है।

उत्प्रेक्षा के रूप मे यह ठूठ राजस्थानी वीरो के प्रतीक है जिनकी अद्वितीय वीरता की कहानियाँ इतिहास के स्वर्ण अक्षरो मे लिखी हुई है और इस युग मे भी रणबाकुरो ने अपने वीरत्व का इतिहास मे हिन्द पाक सग्राम मे अमरता की अमिट छाप लगाई है।

स० म०]

हे ठूठों वाले देश जाग

(१)

तेरे ठूठो की आग जगे
मेरे भारत के भाग जगे
सारे तपके यो मिल जायें
जैसे हो मा के पुत्र सगे
छूटे अनुचित सब रग-राग
हे ठूठो वाले देश जाग।

(२)

जालिम ने एक कुल्हाडा ले
पत्ते तोडे, तोडे डालें
पर ठूठो की मजबूती से
उसके हाथो पड गए छाले
वह गया छोड मैदान भाग
हे ठूठो वाले देश जाग।

(३)

तेरे ठूठा मे मान भरा
अरमान भरा अभिमान भरा
फूलो पत्तो और टहना को
जिनमे था सुख सामान भरा
अपने पन मे कुछ दिये त्याग
हे ठूठा वाले देश जाग।

(४)

ठूठा की शौर्य्य कहानी मे
है यू इतिहासिक गान छिपा
चित्तौडी खडहर महलो मे
ज्यो पद्मिनी का बलिदान छिपा
बरबाद हुआ कुछ सब्ज बाग
हे ठूठो वाले देश जाग।

(५)

तूफानी कुटिल कुचालो मे
ओले पाले भूचालो मे
फिर भी यह ठूठ गटूट रहे
है इनकी जड पातालो मे
कीली ज्यो मस्तक शेष नाग
हे ठूठो वाले देश जाग।

(७)

तिस पर भी आज खडे यहा पर
देखा ऊचा मस्तक आकर
सीमा की रक्षा करने को
माना अद्भुत बल पा पाकर
गात जाते युद्ध प्रलय राग
हे ठूठा वाले देश जाग!

(८)

भूखे नगे हम रह लेंगे
गर्मी सर्दी को सह लगे
खा लेगे रोटी चटनी से
जगल मे मगल कर लेंगे
गर नही मिलगा दाल साग
हे ठूठो वाल देश जाग!

(९)

पृथ्वी पाताल हिला दगे
जालिम का जुल्म मिटा देंगे
प्राणो को आज हथेली रख
हम दुनिया को दिखला देंगे
कसे खेल शोणित से फाग
हे ठूठो वाले देश जाग!

९९

भारतीय नारी के प्रति

कर मे ककण बाध हमारे,
भाल विजय का तिलक लगा दे।
देश जाति अरु आन मान पर,
मर मिटने का जोश जगा दे ॥१॥
आजादी की ओ दीवानी!
स्वत त्रता की अहो पुजारिन!
जुध से भागे पतियो को,
तू शिक्षा देने-हारी सुहागिन ॥२॥
तू सोई है अरे सहोदरे!
तुझको सोये सदिया बीती
काया जग की पलट चुकी है
तो भी तो तू है नही चेती ॥३॥
अब भी जग ओ युग दृष्टा बन,
महा-क्राति की आग लगा दे।
भूख प्यास से पीडित तिरपित,
प्राणो का उद्धार करा दे ॥४॥
अगर नही, तूफान भयकर
झोको को जो निशि दिन सहते
ऐसे टिमटिम करते प्राणी,
दीपो का 'निर्वाण" करा दे ॥५॥
कर मे ककण बाध हमारे
भाल विजय का तिलक लगा दे।
देश जाति अरु आन मान पर,
मर मिटने का जोश जगा दे ॥६॥

राष्ट्र के नौनिहाल के प्रति[१]

आधी सा आगे बढता जा।
गाधी सा रण मे लडता जा।।

[१]

क्यो यहा पर तू है पडा हुआ
रे अरे व्यथ मे अडा हुआ
ओ, जग कहा पर है खडा हुआ
इसमे क्या तू पाता है मजा
आधी सा आगे बढता जा।
गाधी सा रण मे लडता जा।।

[२]

तूफाना की परवाह नही
तेरा विश्वास न जाय कही
जीवन की बजती वीणा ही से
जीवन झकृत करता जा
आधी सा आगे बढता जा।
गाधी सा रण मे लडता जा।।

[३]

सघर्षो की चौपट्टी मे
जीवन की जलती भट्टी मे
सासारिक चलती घट्टी मे
पिस गलकर कुछ ढलता जा
आधी सा आगे बढता जा।
गाधी सा रण मे लडता जा।।

[४]

कहते हैं वे सब निगम अगम
चाहे पथ हो तेरा दुगम
फिर भी गाता जाता सरगम
ऊचे परवत पर चढना जा
आंधी सा आगे बढता जा।
गाधी सा रण मे लडता जा।।

[५]

फिर ईश भरोसा साथ लिये
सिर बाध मु डामा हाथ लिये
कष्टा को सहते नित्य नये
टकराता गिरता उठना जा
आधी सा आगे बढता जा।
गाधी सा रण म लडता जा।।

---

१. साप्ताहिक लोक जीवन, जोधपुर
गणतन्त्र दिवस, विशेषाक, २३ जनवरी १९७० म प्रकाशित

[६]

होकर रक्षित जुधमाजा मे
रण के वजते सब बाजो मे
बम तोपो की आवाजा मे
निभय होकर तू लडता जा
आधी सा आगे वढता जा ।
गाधी सा रण मे लडता जा ॥

[७]

अपने गौरव के आनो पर
निज देश जाति सम्माना पर
तप त्याग और वलिदानो पर
कुछ वनता और विगडता जा
आंधी सा आगे, बढता जा ।
गाधी सा रण मे लडता जा ॥

[८]

विषधर भुजग गर मिल जाय
गरजते शेर बबर चाहे
ओले आधी पानी आये
तूफानो दौरा करता जा
आधी सा आगे बढता जा ।
गाधी सा रण मे लडता जा ॥

[६]

वीरो का व्रत ही आजीवन
है शूर-वीरता सजीवन
वीरो का मरना ही जीवन
यह मत्र जाप तू जपता जा
आधी सा आगे वढता जा ।
गाधी सा रण मे लडता जा ॥

[१०]

जग सेवा व्रत को अपना कर
ओ रुढिवाद को ठुकरा कर
तद्रित भारत को जागृत कर
आदश उपस्थित करता जा
आधी सा आगे वढता जा ।
गाधी सा रण मे लडता जा ॥

[११]

तव पथ काटे फूल बनेगे
कष्ट सभी सुख मूल बनेगे
दुश्मन भी अनुकूल बनेगे
माग प्रदशन करता जा
आधी सा आगे बढता जा ।
गाधी सा रण मे लडता जा ॥

ताश्कन्द

[१]

उपालम्भ

(शास्त्रीजी का जनरल अय्यूब को)

फरिश्ते
बनने चले थे
हैवान बन गये
शराफत को छोडकर
शैतान बन गये
तेरे जुल्मो का
नतीजा
यह है जालिम
कि लहलहाते खेत
रेगिस्तान बन गये
कि मस्जिद गिरजा
जेल
कब्रिस्तान बन गये
कि आबाद कस्बे गांव
उजडिस्तान बन गये।

[२]

द-दभरी दास्तां

बुलाया था अगर
जो आपको
कुछ ठहर कर जाते
जाना जरूरी था
अगर, कुछ
बोल कर जाते
दिल मे खटक
यह रह गई कि
क्या पैगाम था ?
शास्त्री जी ! दद-
भरी इस दास्ता
से मुक्त कर जाते।

मेरा प्यारा वेश

अब भी मेरा प्यारा वेश
प्यारा वेश, दुलारा वेश

(१)

कोट पेंट नकटाई वाला
दाढी मूछ मुडाई वाला
पाउडर क्रीम मलाई वाला
नाजुक नरम कलाई वाला
अब भी मेरा प्यारा वेश
प्यारा वेश दुलारा वेश

(२)

लैटेस्ट फैशन के बालो वाला
पिचके पिचके गालो वाला
बटन बक्सवे तालो वाला
लग बूट से छाला वाला
अब भी मेरा प्यारा वेश
प्यारा वेश, दुलारा वेश

(३)

टेढी गरदन करने वाला
मद से जल्दी भरने वाला
लचक चाल से चलने वाला
हो अमचूर अकडने वाला
अब भी मेरा प्यारा वेश
प्यारा वेश दुलारा वेश

(४)

कमती आमद लाने वाला
कर्जा बोझ लदाने वाला
ज्यादा खर्चा लाने वाला
ताना को सुनवाने वाला
अब भी मेरा प्यारा देश
प्यारा देश दुलारा देश

(५)

निज औकात भुलाने वाला
थोथा राव जमाने वाला
भोले भाले भायो को, जो
डर से दूर भगाने वाला
अब भी मेरा प्यारा देश
प्यारा देश, दुलारा देश

(६)

सोशलिज्म को लाने वाला
सबको साहब कहाने वाला
सूय चद्र से हमें हटा कर
तारो मे चमकाने वाला
अब भी मेरा प्यारा देश
प्यारा देश, दुलारा देश

(७)

टेढा टोप लगाने वाला
साफे को सटकाने वाला
आगे बढकर प्रेसिडेन्ट से
हैंड-शेक करवाने वाला
आजाद हिन्द मे प्यारा देश
प्यारा देश, दुलारा देश

::

धैर्य-धारण

धीरज रखना, तुमको रहना सावधान !
आशावादी बनकर रहना, सावधान !
जीवन में संघर्ष करना है तुम्हें !
भारत के ऐ नौजवानों, सावधान !

राष्ट्र–निष्ठा :

गीत

चाहे तुम न रहो, चाहे हम न रहें,
मेरा भारत रहे, आजा्दी रहे।

(१)

मेरी जमुना रहे, मेरा गगा रहे
यह तिरगा रहे, मन चगा रहे
लहराता रहे, फहराता रहे
इठलाता रहे, बल खाता रहे
चाहे तुम न रहो, चाहे हम न रहें,
मेरा भारत रहे, आजाऽदी रहे।

(२)

नौजवानो की टोली, यहाँ बढती रहे
दुश्मन सीने पे छाती पे, चढती रहे
मेरी कुर्बानियाँ, लासानी रहे
मेरे मस्तक पर दुर्गा भवानी रहे
चाहे तुम न रहो, चाहे हम न रहें,
मेरा भारत रहे, आजाऽदी रहे।

१ साप्ताहिक फारवड टाइम्स, जाधपुर, दीपावली विशेषाक, १९७१, पृष्ठ २ मे प्रकाशित।

(३)

मेरे वेद रहे, ये पुराण रहे
मेरी इंजिल और कुरान रहे
सब धर्मों के सारे ग्रन्थ रहें
सारे मजहब, सब पन्थ रहे
चाहे तुम न रहो, चाहे हम न रहे,
मेरा भारत रहे, आजाद्दी रहे।

(४)

चाहे कितनी, यह दुनियाँ बदलती रहे
आँखें मूँदी रहे, झांसे देती रहे
इन्सानों की दुनिया में इन्सा रहे
मेरे भारत में हिन्दू मुसल्मा रहे
चाहे तुम न रहो, चाहे हम न रहे,
मेरा भारत रहे, आजाद्दी रहे।

(५)

चाहे कितना ही रंग, वे बदलते रहें
कुछ भी कहते रहें, कुछ भी सुनते रहें
ईमानों की दुनिया में ईमा रहे
ईमानों पे मिटने के अरमा रहें
चाहे तुम न रहो, चाहे हम न रहें,
मेरा भारत रहे, आजादी रहे।

(६)

मेरे जीवन मे जोशे-जवानी रहे
मेरी आखो मे मोहब्बत का पानी रहे
मस्ती भरी मेऽरी होली रहे
जगमगाती हुई, यह दिवाली रहे
चाहे तुम न रहो, चाहे हम न रहें,
मेरा भारत रहे, ग्राजादी रहे ।

(७)

मेरे बल रहें, यह किसान रहें
मेरे खेत और खलियान रहे
मेरे खेतो में वर्षा बरसती रहे
मेरे बादल मे ब्रिजली चमकती रहे
चाहे तुम न रहो, चाहे हम न रहे,
मेरा भारत रहे, ग्राजाऽदो रहे ।

(८)

मेरा गुलशन रहे, मेरा मालीऽ रहे
लहलहाती हुई हरियालीऽ रहे
मुस्कराती हुई खुश-हाली रह
मेरा भारत सदा बल-शाली रहे
चाहे तुम न रहो, चाहे हम न रहें,
मेरा भारत रहे, आजाऽदी रहे ।

(९)

मेरे गुलशन मे कोयल कुहुकती रहे
मेरे बागो मे तितली फुदकती रहे
दही ऽ दूध की नदिया बहती रहें
मेरे भारत की, खुशबू महकती रहे
चाहे तुम न रहो, चाहे हम न रहे,
मेरा भारत रहे, आजाऽदी रहे।

(१०)

मेरी माता का सर यह, सलामत रहे
मेरी माताओ बहनो की इज्जत रहे
लग जाये, तो जीवन की बाजी रहे
महमा आयें तो महमां-नवाजी रहे
चाहे तुम न रहो, चाहे हम न रहें,
मेरा भारत रहे, आजाऽदी रहे।

अनुभूतिया

उर्ध्व-मुखी

[२]

(गद्य कविता)

बादलो को आये देख
घड़े फोड देते हैं
सोफासेट घर मे देख
कुर्सी तोड देते हैं
बिजली से जलती बत्ती
लैंम्प तोड देते हैं
विद्युत् से चलते पखे
पखी मोड देते हैं
ऐसे उर्ध्व-मुखी
अपटूडेट महा प्राणी
अपने पतन के इतिहास में
एक नया पन्ना
और जोड देते हैं।

कौन चकनाचूर होता ?

[१]

कौन चकनाचूर होता ?
जो नशे मे चूर होता।
अकड कर अमचूर होता
-सानियत से दूर होता।
क्रोध से भरपूर होता,
क्रूरता मे शूर होता।
दुनिया का दस्तूर होता,
ेही चकनाचूर होता।

३३

गीत

[१]

आशाओ के दीप मेरे
न कभी यह बुझ सके हैं,
न कभी यह बुझ सकेंगे।
आशाओ के दीप मेरे,
जगमगाते ही रह हैं,
जगमगाते ही रहेगे।
। आशाओ के दीप मेरे!

[२]

आंधियो तूफान मे यह,
झूमते रहते रहे हैं,
झूमते रहते रहेगे।
झंझावातों से सदा,
संघष करते ही रहे,
संघष करते ही रहेगे।
आशाओ के दीप मेरे!

[३]

वायु के ये तेज झोके
आते जाते हो रहे हैं
आते जाते ही रहेंगे।
किन्तु जीवन दीप मेरे,
जागरण करते रहे हैं,
जागरण करते रहगे।
आशाओ के दीप मेरे!

[४]

दीप्त जीवन दीप मेरे,

यह स्वय जलते रहे हैं

यह स्वय जलते रहेंगे।

किन्तु तम को चीर कर,

आलोक भरते ही रहे,

आलोक भरते ही रहेंगे।

आशाओ के दीप मेरे।

[५]

अज्ञानरूपी घन तिमिर को

ये भगाते ही रहे हैं,

ये भगाते ही रहेंगे।

ज्ञान की नव ज्योति को,

सतत जगाते ही रहे,

सतत जगाते ही रहेंगे।

आशाओ के दीप मेरे।

[६]

त्याग तप की भावना को

व्यक्त करते ही रहे हैं,

व्यक्त करते ही रहेंगे।

त्याग तप की भावना को,

विश्व मे भरते रहे हैं

विश्व मे भरते रहेंगे।

आशाओ के दीप मेरे।

[७]

नभ से जब ओले गिरे, तब,
भी तो यह जलते रहे हैं,
अब भी यह जलते रहेंगे।
व्योम से शोले गिरे जब
भी तो यह हँसते रहे हैं
अब भी यह हँसते रहगे।
आशाओ के दीप मेरे!

[८]

आफतें आती रहीं, ये
बाखुशी सहते रहे हैं
बाखुशी सहते रहेगें।
दीप्त जीवन दीप मेरे,
मुस्कुराते ही रहे है
मुस्कुराते ही रहेगे।
आशाओ के दीप मेरे!

परिवार सीलिंग ?[*]

(गद्य कविता)

'परिवार सीलिंग' पर मेरी कविता शूगर-कोटेड पिल्स नही है,
मेरी कविता, कडवी ओषध, कटू सत्य है, सही तथ्य है,
भारत के नवयुग के व्यक्ति, चाहे होवें नव-दम्पत्ति,
चाहे हो जनता सरकारे, सुन ले युग की नई पुकारे,
खा पीकर मर जायेगे, सतति-हित मे, अपने हित मे
सर्वोपरि देश के हित मे वे सेवा कर जायेंगे ।

सौ बातो की बात है

[१]

भूतकाल के गाने छोडो
मारे सभी तराने छोडो
आगे साचो, सुखी रहो
ये वतमान की बात है
सौ बातो की बात है ।

[२]

करण उप करण सब कुछ यहा पर
मदद करें सरकारी दफ्तर
जनता को तैयार करो तुम
सीधी सच्ची बात है
सौ बातो की बात है ।

[३]

अनपढ जनता गर जाहिल है
गवनमट को यह लाजिम है
सीलिंग का कानून बना दे
ये काट की बात है
सौ बातो की बात है ।

[४]

स तति के आदेश निकालो
दम्पत्ति-अध्यादेश निकालो
ससद मे है बहुमत अपना
क्या मुश्किल की बात है ?
सौ बाता की बात है ।

---

[*] परिवार नियोजन विषय पर, सम्बन्धित विभाग द्वारा आयोजित कवि-सम्मेलन बीकानेर अगस्त ७१ मे पढी गई ।

प्यारी कहानी है ६

(सन् १६६२ के सदभ मे)

[१]

मेरा दोस्त चाऊ चीन
कि मेरा दोस्त माऊ चीन
कि मेरा मित्र पडासी चीन,
बात यह, नही पुरानी है।
कि मेरे मित्र की प्यारी कहानी है ।।

[२]

कि उसने देश पे धावा बोल,
बताया आजादी का मोल,
कि आजादी घणी अनमोल
कि आजादी हमारी राजरानी है।
कि मेरे मित्र की प्यारी कहानी है ।।

[३]

उसने, जगाया देश मे सबको
सिखाया आप हम सबको
कि किस तरह सगीन नोको पर,
यहा, चढती नौजवानी है।
कि मेरे मित्र की प्यारी कहानी है ।।

[४]

कि मेरा दोस्त चाऊ चीन,
कि मेरा दोस्त माऊ चीन
कि मेरा मित्र पडौसी चीन
बात यह, नही पुरानी है।
कि मेरे मित्र की प्यारी कहानी है ।।

---

६ यह कविता, चीन द्वारा भारत पर हमला किये जाने पर जयपुर मे माणकचौक, चौपड म आयोजित कवि सम्मेलन म पढी गई थी।

तूफान और सघर्ष

गीत

(१)

आधो से सघष कर रही
हर दरखत की हर टहनी
कि तूफानो से टकराती है
हर झाडी की हर टहनी
गर्मी सर्दी को भी सहती
कैर आक की हर टहनी
कि ओले पाले मे भी ठरती
खेजडले की हर टहनी।

(२)

आधी मे जो अडना जाने
तूफानो से लडना जाने
लुलना और लचकना जाने
दाव-पेंच से बढना जाने
उसका ही अस्तित्व रहेगा
उसका ही व्यक्तित्व रहेगा
निश्चय जीत उसी की होगी
और सफलता पग चूमेगी

(३)

सवक सिखाती तुम हम सवको
हर दरखत को हर टहनी
कि हर झाडो की हर टहनी
कि आकडले की हर टहनी
हर कूचे की हर टहनी
कर कटीली हर टहनी
कि खेजडले की हर टहनी

मधु–शाला

(१)

पूरा मोल चुकाने पर भी,
गर न मिले पूरी हाला,
साकी वन मालिक वैठा हो,
भेद-भाव से मतवाला,
किसी किसी को भर देता हो,
वाकी को खाली प्याला,
ऐसी मधुशाला से अच्छी,
तो है मेरी चट्शाला।

(२)

नही शिकायत रहे किसी की,
हमे मिले पूरो हाला,
साकी वह, भरपूर पिलाकर,
करे प्रेम से मतवाला,
दीन धनो हिन्दू-मुस्लिम सब,
बन प्रेमी पीवें प्याला,
उन्नति करती बनी रहे,
आजाद-हिन्द की मधुशाला।

(३)

अहो निरंतर आगे बढती,
हिन्दी है मेरी हाला,
आंगल-भाषा, उर्दु-फारसी,
का भी पी देखा प्याला,
व्हिस्कि, ब्रान्डी और विक्ट्री,
बना सकी नही मतवाला,
देशी का आनन्द मिला, जहाँ,
वह हिंदी की मधुशाला ।

(४)

नित-नित जलते अरमानो की,
होली है मेरी हाला,
जिनको पीकर गम से मै,
मन मार बैठता मतवाला,
थोडा-थोडा, नियमानुकूल,
ओ घूंट-घूंट पीता प्याला,
आखिर तो वह धधक उठेगी,
मतवाले की मधुशाला ।

किस की कुर्सी ?

[बग-बधु राष्ट्रपति श्री मुजीबुरहमान के पाकिस्तान से
होकर पुन अपने स्वतन्त्र बगला देश मे पहुँचने के पश्चात् अब
कविता पर कोई टिप्पणी की आवश्यकता नही रह गई है ।

पाठक गण के समक्ष सारी तस्वीर उभर कर साफ सु
सामने आ चुकी है । —०— स०म

किस की कुर्सी काबिज कौन ?
बोल कवि क्यो साधे मौन !

[१]

किस की कुर्सी काबिज कौन ?
किस का डेरा काबिज कौन ?
किस की भूमि काबिज कौन ?
किसकी जनता काबिज कौन ?
बोल कवि, क्यो साधे मौन !
सोच समझ कवि रहता मौन ।

[२]

तेरी कुर्सी काबिज जालिम
तेरा डेरा काबिज जालिम
तेरी भूमि, काबिज जालिम
तू भोला है, वह है जालिम
भला अभी रहने मे मौन !
सोच समझ कवि रहता मौन ।

[३]

तू, बाटी सेके कडे से
वह सेके हथकण्डे से
सबको हांके डण्डे से
साथ लिए मुसटण्डे से
चुप्पी साधे, रहजा मौन !
सोच समझ कवि, रहता मौन ।

[४]

अभी नहीं कुछ मुंह से बोल !
बन्द पड़ा तरकस ना खोल !
नही बजा तू अपने ढोल !
अपने आप खुलेगी पोल
तभी तोडना अपना मौन !
सोच समझ कवि रहता मौन ।

(५)

जब टाइम आयेगा तेरा
बजे जीत का डका तेरा
तभी बधेगा तेरे सेहरा
भूमी होगी, डेरा तेरा
तभी बदलना अपनी टोन !
सोच समझ कवि रहता मौन ।

किस की कुर्सी ?

[बंग बंधु राष्ट्रपति श्री मुजीबुरहमान के पाकिस्तान से रिहा होकर पुन अपना स्वतन्त्र बंगला देश म पहुँचने के पश्चात् अब इस कविता पर कोई टिप्पणी की आवश्यकता नही रह गई है।

पाठक गण के समक्ष सारी तस्वीर उभर कर साफ सुथरी सामने आ चुकी है। —०— स०म०]

किस की कुर्सी काबिज कौन ?
बोल कवि क्यों साधे मौन !

[१]

किस की कुर्सी काबिज कौन ?
किस का डेरा काबिज कौन ?
किस की भूमि काबिज कौन ?
किसकी जनता काबिज कौन ?
बोल कवि, क्यो साधे मौन !
सोच समझ कवि रहता मौन।

[२]

तेरी कुर्सी काबिज जालिम
तेरा डेरा काबिज जालिम
तेरी भूमि, काबिज जालिम
तू भोला है, वह है जालिम
भला अभी रहने मे मौन !
सोच समझ कवि रहता मौन।

[३]

तू, वाटो सेके कडे से
वह सेके हथकण्डे से
सवको हाँके डण्डे से
साथ लिए मुसटण्डे से
चुप्पी साधे, रहजा मौन ।
सोच समझ कवि, रहता मौन ।

[४]

अभी नहीं कुछ मुंह से बोल ।
वन्द पडा तरकस ना खोल ।
नही वजा तू अपने ढोल ।
अपने आप खुलेगी पोल
तभी तोडना अपना मौन ।
सोच समझ कवि रहता मौन ।

(५)

जव टाइम आयेगा तेरा
बजे जीत का डका तेरा
तभी वधेगा तेरे सेहरा
भूमी होगी, डेरा तेरा
तभी वदलना अपनी टोन ।
सोच समझ कवि रहता मौन ।

(६)

तेरी कुर्सी तुझे मिलेगी
तब फिर तेरी दाल गलेगी
तेरी नावें फेर चलेंगी
तेरी चुप्पी तभी फलेगी
तेरा होगा पूरा जोन !
सोच समझ कवि रहता मौन ।

(७)

किसकी कुर्सी काबिज कौन ?
किसका डेरा काबिज कौन ?
किसकी भूमि, काबिज कौन ?
किसकी जनता काबिज कौन ?
बोल कवि, क्यों रहता मौन ।
सोच समझ कवि रहता मौन ।

जमाने के साथ बदलो

—०—

[गद्य कविता]

—०—

जमाना तेजी के साथ बदल रहा है,
जमाने के साथ बदलो,
वरना,
जमाना तुम को बदल देगा,
और
तुम्हारी हुकूमत का
पटिया गोल कर देगा !
और तुम,
गिरेबान मे मुह छिपा कर,
दुम दबा कर, जान बचा कर,
पूर्वी या पश्चिमी गोलार्द्ध के,
किसी देश मे फरार हो जाओगे
और
अपने कुकृत्यो पर पश्चात्ताप,
एव
पापो का प्रायश्चित्त करते हुए,
हिटलर को तरह,
कही आत्म-घात करके मर जाओगे।

पट-परिवर्तन

[१]

दुधारु धैंन

भुट्टोजी बोलन लगे,
मीठे मीठे बैन ।
"लात खाय पुचकारिये,
होय दुधारु धैंन" ॥
पिण्डी को अब चाहिए,
भिण्डी, चावल, धान ।
बगला से अब कह रहे,
भूलो सब अपमान ॥

[२]

याहया जी कैद है तो,
शेखजी आजाद है ।
पाक का यह कैदखाना,
रहता जिन्दाबाद है ॥

कलदार का चमत्कार

[१]

राम करे ऐसा हो जाये
एक नोट के दो बन जायें
दो नोटो के नौ बन जाये
नौ नोटो के सौ बन जायें
सौ के बस दो सौ बन जायें
दो सौ के नौ सौ बन जायें
नौ सौ के, नौ सौ हज्जार
हो जायेगा बेडा पार।

[२]

मात-पिता खुश हो जायेंगे
भाई-बहन भगे आयेंगे
काकी मामी जग जायेंगी
लल्ला कह कर बुलवायेंगी
पडौसिनें दौडी आयेंगी
डट कर के चावल खायेंगी
घर म घी के दीप जलेंगे
सब के मन के फूल खिलेंगे।

[३]

पत्नी के तो मजे रहेगे
पीहर-वाले सजे रहगे
धमा चौकडी जमी रहेगी
मेरे तो यह कमी रहेगी
अप टू डेट कहा से लाऊ
किस के सग घूमने जाऊ
किसके सग सिनेमा जाऊ
होटल मे किसके सग खाऊ।

[४]

वातावरण बदल जायेगा
स्वग धरा पर आ जायेगा
मित्रो की तो खूब बनेगी
हरी-हरी बस रोज छनेगी
बाग बगीचे सैर करगे
सिनेमा, पग-फेर करेंगे
रोज रोज नौरोज चलेंगे
माल मलीदे रोज मिलेंगे।

[५]

बाजारो मे धाक् जमेगी
पत्रो मे तस्वीर छपेगी
रेस्ट्रा और बार चलेगी
एम्बेसेडर कार चलेगी
मेरे आका काल करगे
सस्पेन्शन से बहाल करेंगे
सभी मुकद्दमे वापिस होगे
मेरे वस मे आफिस होग।